न्यायालय जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर

अपील(सू.का.अ)संख्या 178/2025 बउनवानी रहीस खान **बनाम** अति0जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर
पुत्र श्री नामदार खॉन निवासी व तहसील मलारना डूॅगर

GCMS No-2025/347

तारीख हुकम	हुकम या कार्यवाही मय इनिशियल जज
26.11.2025	पत्रावली पेश हुयी। अपीलान्ट नियत दिनांक को उपस्थित नही हुआ। अपीलान्ट द्वारा सूचना चाहने बाबत दिनांक 14.8.2025 को लोक सूचना अधिकारी एवं अति0जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर को अधिनियम की धारा 6(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रेषित कर " **अति0जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर का पत्रांक/सहायता/आरटीआई/2025/2035 दिनांक 25.7.205 की पालना में संबंधित विभाग का स्पष्ट पते की सूचना**" अति0जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर से दिलाये जाने बाबत निवेदन किया था किन्तु संबंधित लोक सूचना अधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि में उसे चाही गयी सूचना उपलब्ध नही करवायी गयी है, जिसके कारण अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 की धारा 19(1)के तहत प्रथम अपील इस न्यायालय मे प्रेषित की गयी जो दर्ज रजिस्टर की जाकर सम्बन्धित लोक सूचना अधिकारी एवं अति0जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर को तत्काल सूचना उपलब्ध कराने हेतु आदेशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी एवं अति0जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर की ओर से प्रस्तुत जवाब नोटिस कमांकः एफ.13(01)(125)सूकाअ/2025/1361 दिनांक 18.11.2025 का अवलोकन करने पर पाया गया कि प्रार्थना पत्र दिनांक 14.8.2025 मे चाही गयी सूचना (पत्रांक/सहायता/आरटीआई/2025/2035 दिनांक 25.7.205 से संबंधित विभाग मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाईमाधोपुर का नाम) लोक सूचना अधिकारी एवं अति0 जिला कलेक्टर सवाईमाधोपुर के पत्रांक एफ.(1)(125)/सूकाअ/ 2025/991 दिनांक 14.8.2025 से अपीलान्ट को भिजवायी जा चुकी है। पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का गहनता से अवलोकन व मनन करने के उपरान्त हम इस निष्कर्ष पर पहुॅचते है,कि अपीलान्ट द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम,2005 के तहत दिनांक 14.8.2025 को प्रेषित प्रार्थना पत्र मे चाही गयी सूचना लोक सूचना अधिकारी के पत्रांक एफ.(1)(125)/सूकाअ/2025/991 दिनांक 3.9.2025 से अपीलान्ट को उपलब्ध करवायी जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल अभिलेख की जावे। आज्ञा सुनायी गयी। (काना राम) जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर